# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: X | Department: Hindi | Date -24.11.24 |
|---|---|---|
| Revision Woeksheet-1 | Topic: गद्य & पद्य | Note: Pl. file in portfolio |

**निम्नलिखित पद्यांशों को पढ़कर प्रश्नों के <u>सर्वाधिक उपयुक्त</u> विकल्पों का चयन कीजिए:-**

(1) सहानुभूति चाहिए, महाविभूति है यही;
वशीकृता सदैव है बनी हुई स्वयं मही।
विरूद्धवाद बुद्ध का दया प्रवाह में बहा,
विनीत लोकवर्ग क्या न सामने झुका रहा ?
अहा! वही उदार है परोपकार जो करे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ॥

(i) 'महाविभूति'-किसे कहा गया है?
(क) संपन्न लोगों को (ख) मन की उच्चता को
(ग) सहानुभूति को (घ). यशस्वी को

(ii) 'विरूद्धवाद'-से क्या आशय है?
(क) संकट (ख) विरोध की आवाज़ें
(ग) विरोधी लोग (घ).संघर्ष

(iii) बुद्ध का विरोध किस प्रकार समाप्त हुआ?
(क) दया पाकर (ख) प्रेम पाकर
(ग) युद्ध द्वारा (घ).उपर्युक्त सभी

(iv) बुद्ध की करुणा पाकर लोगों पर क्या प्रभाव पड़ा?
(क) वे उनके रक्षक बन गए (ख) वे उनके चरणों में झुक गए
(ग) वे उनके सिपाही बन गए (घ). इनमें से कोई नहीं

(v) उपर्युक्त पद्यांश के कवि हैं –
(क) हरिवंशराय बच्चन (ख) मैथिलीशरण गुप्त
(ग) शिवमंगल सिंह सुमन (घ). इनमें से कोई नहीं

(2) मेखलाकार पर्वत अपार
अपने सहस्र दृग-सुमन फाड़,
अवलोक रहा है बार-बार
नीचे जल में निज महाकार,
– जिसके चरणों में पला ताल
दर्पण-सा फैला है विशाल!

(i) पद्यांश में पहाड़ की ढाल के किस आकार की बात की गई है?

(क)त्रिभुजाकार की (ख) वर्गाकार की (ग) करघनी के आकार की (घ).इनमें से कोई नहीं

(ii) पद्यांश में 'सहस्र दृग' किसे कहा गया है?

(क) पर्वत पर उगे वृक्षों को (ख). पर्वत पर छाई धुंध को

(ग) पर्वत पर उगे फूलों को (घ). पर्वत से गिरते झरनों को

(iii) पर्वत कहाँ और क्या देख रहा है?

(क) आकाश में उठते पेड़ों को (ख) अपनी तलहटी के पानी में स्वयं के प्रतिबिंब को

(ग). अंबर से गिरते वर्षा के बाणों को (घ). जलद-यान में विचरते इंद्र को

(iv) कवि ने तालाब की समानता किसके साथ दिखाई है?

(क) आईने के साथ (ख). निर्झर के झाग के साथ

(ग). मोती की लड़ियों के साथ (घ). पारद के परों के साथ

(v) 'दर्पण-सा'-में प्रयुक्त अलंकार है -

(क) अनुप्रास (ख). पुनरुक्ति प्रकाश

(ग). रूपक (घ). उपमा

(3) जिंदा रहने के मौसम बहुत हैं मगर
जान देने की रुत रोज़ आती नहीं
हुस्न और इश्क दोनों को रुसवा करे
वो जवानी जो खून में नहाती नहीं
आज धरती बनी है दुल्हन साथियों
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों ।

(i) पद्यांश के कवि का क्या नाम है?

(क) वीरेन डंगवाल (ख) कैफ़ी आज़मी

(ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) नीरज

(ii) 'जान देने की रुत'-से तात्पर्य है -

(क) प्राकृतिक आपदा (ख) जवानी का समय

(ग) देश पर बलिदान होने का अवसर (घ) बचपन का समय

(iii) देश की धरती क्या बनी हुई है?

(क) माँ (ख) दुल्हन (ग) बहन (घ) फुलवारी

(iv) 'खून में नहाना'-का आशय है –

(क) खून में स्नान करना (ख) खून उबालना

(ग) देश को हानि पहुँचाना (घ) देश के लिए मर मिटना

(v)निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए-

(i)जिंदगी जीने के अवसर बहुत मिलते हैं

(ii)देश पर बलिदान होने का अवसर कभी-कभी आता है

(iii)इस समय हर जवान को गीत गाना है

(iv)वीर जवान देश की ख़ातिर अपना खून बहाता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा / से कथन सही नहीं है / हैं ?

(क) केवल (i) (ख) केवल (iii) (ग) (iii) और (iv) (घ) (i) और (ii)

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के <u>सर्वाधिक उपयुक्त</u> विकल्पों का चयन कीजिए:-**

(1) मेरी स्वच्छंदता भी बढ़ी l मैं उनकी सहिष्णुता का अनुचित लाभ उठाने लगा l मुझे कुछ ऐसी धारणा हुई कि मैं पास ही हो जाऊँगा, पढ़ूँ या न पढ़ूँ मेरी तकदीर बलवान है, इसलिए भाई साहब के डर से जो थोड़ा-बहुत पढ़ लिया करता था, वह भी बंद हुआ l मुझे कनकौए उड़ाने का नया शौक पैदा हो गया था और अब सारा समय पतंगबाजी की ही भेंट होता था, फिर भी मैं भाई साहब का अदब करता था और उनकी नज़र बचाकर कनकौए उड़ाता था l मांझा देना, कन्ने बाँधना, पतंग टूर्नामेंट की तैयारियाँ आदि समस्याएँ सब गुप्त रूप से हल की जाती थीं l मैं भाई साहब को यह संदेह न करने देना चाहता था कि उनका सम्मान और लिहाज़ मेरी नज़रों में कम हो गया है l

(i) छोटे भाई की स्वच्छंदता बढ़ गई थी क्योंकि-

(क) बड़े भाई हमेशा पढ़ते रहते थे (ख) बड़े भाई लापरवाह हो गए थे

(ग) फेल होने से बड़े भाई नरम पड़ गए थे (घ). इनमें से कोई नहीं

(ii) बड़े भाई के डर से छोटा भाई क्या करता था?

(क) पढ़ाई नहीं करता था (ख) दोस्तों के साथ खेलता था

(ग) खेलने नहीं जाता था (घ). थोड़ा-बहुत पढ़ लिया करता था

(iii) छोटे भाई को कौन-सा नया शौक पैदा हो गया था?

(क) सिनेमा देखने का (ख) किताबें पढ़ने का

(ग) चित्र बनाने का (घ). पतंगबाज़ी का

(iv) छोटे भाई की धारणा बन गई थी कि-

(क) कठोर परिश्रम से ही पास हो सकता हूँ (ख) भाई साहब तो हर साल फेल होंगे

(ग) मैं पढ़ूँ या न पढ़ूँ पास हो जाऊँगा (घ). उपर्युक्त सभी

(v) समस्याएँ गुप्त रूप से हल की जाती थीं क्योंकि-

(क) छोटा भाई अध्यापकों से डरता था (ख) छोटा भाई पड़ोसियों से डरता था

(ग) छोटा भाई बड़े भाई का सम्मान और लिहाज़ करता था

(घ). बड़े भाई साहब समस्या का हल ढूँढने में असमर्थ थे

**(2)** मेरी माँ कहती थी, सूरज ढले आँगन के पेड़ों से पत्ते मत तोड़ो, पेड़ रोएँगे। दीया-बत्ती के वक्त फूलों को मत तोड़ो, फूल बद्दुआ देते हैं। दरिया पर जाओ तो उसे सलाम किया करो, वह खुश होता है। कबूतरों को मत सताया करो, वे हज़रत मुहम्मद को अज़ीज़ हैं। उन्होंने उन्हें अपनी मज़ार के नीले गुंबद पर घोंसले बनाने की इज़ाज़त दे रखी है। मुर्गे को परेशान नहीं किया करो, वह मुल्ला जी से पहले मोहल्ले में अज़ान देकर सबको सवेरे जगाता है। ग्वालियर में हमारा एक मकान था, उस मकान के दालान में दो रोशनदान थे। उसमें कबूतर के एक जोड़े ने घोंसला बना लिया था। एक बार बिल्ली ने उचककर दो में से एक अंडा तोड़ दिया। मेरी माँ ने देखा तो उसे दुःख हुआ। उसने स्टूल पर चढ़कर दूसरे अंडे को बचाने की कोशिश की। लेकिन इस कोशिश में दूसरा अंडा उसी के हाथ से गिरकर टूट गया। कबूतर परेशानी में इधर-उधर फड़फडा रहे थे। उनकी आँखों में दुःख देखकर मेरी माँ की आँखों में आँसू आ गए। इस गुनाह को खुदा से मुआफ़ करने की दुआ माँगती रही।

(i) लेखक की माँ सूरज ढलने पर क्या करने को मना करती है ?

(क) खाना खाने को (ख) बाहर जाने को

(ग)आँगन के पेड़ से पत्ते तोड़ने को (घ). बाहर खड़े होने को

(ii) लेखक की माँ दरिया को क्या करने को कहती है?

(क) साफ़ करने को (ख) सलाम करने को

(ग) देखने को (घ). इनमें से कोई नहीं

(iii) दूसरा अंडा किसकी गलती से टूटा?

(क) बिल्ली (ख) लेखक

(ग) लेखक की माँ (घ). कबूतर

(iv) लेखक का घर किस शहर में था?

(क) दिल्ली में (ख) राजस्थान में

(ग) ग्वालियर में (घ). जयपुर में

(v) कबूतर इधर-उधर क्यों फड़फडा रहे थे?

(क)दोनों अंडे टूट जाने के कारण (ख) ठण्ड के कारण

(ग) घोंसला न मिलने के कारण (घ). इनमें से कोई नहीं

(३) पहले दस-पंद्रह मिनट तो मैं उलझन में पड़ा। फिर देखा, दिमाग़ की रफ़्तार धीरे-धीरे धीमी पड़ती जा रही है। थोड़ी देर में बिलकुल बंद भी हो गई। मुझे लगा, मानो अनंतकाल में मैं जी रहा हूँ। यहाँ तक कि सन्नाटा भी मुझे सुनाई देने लगा।

अकसर हम या तो गुज़रे हुए दिनों की खट्टी-मीठी यादों में उलझे रहते हैं या भविष्य के रंगीन सपने देखते रहते हैं। हम या तो भूतकाल में रहते हैं या भविष्यकाल में। असल में दोनों काल मिथ्या हैं। एक चला गया है, दूसरा आया नहीं है। हमारे सामने जो वर्तमान क्षण है, वही सत्य है। उसी में जीना चाहिए। चाय पीते-पीते उस दिन मेरे दिमाग़ से भूत और भविष्य दोनों काल उड़ गए थे। केवल वर्तमान क्षण सामने था। और वह अनंतकाल जितना विस्तृत था।

जीना किसे कहते हैं, उस दिन मालूम हुआ।

(1) लेखक को 'टी-सेरेमनी' में चाय पीने के बाद क्या मालूम हुआ?
I. हमें दो घूँट से अधिक चाय नहीं पीनी चाहिए। III. जीना किसे कहते हैं।
II. डेढ़ घंटे तक चाय पीनी चाहिए। IV. जीवन की रफ़्तार बढ़ा देनी चाहिए।
(2) प्रारंभ में लेखक कितनी देर तक असमंजस की स्थिति में था?
I. डेढ़ घंटे तक III. एक महीने तक
II. दस-पंद्रह मिनट तक IV. अनंतकाल तक
(3) लेखक कहना चाहते हैं कि –
I. हम अपने अतीत की खट्टी-मीठी यादों में खोए रहते हैं।
II. भावी जीवन के रंगीन सपने देखते रहते हैं।
III. भूत और भविष्य – दोनों काल मिथ्या हैं।
IV. उपर्युक्त सभी कथन सही हैं।
(4) लेखक के अनुसार 'सत्य' क्या है?
I. भूतकाल II. भविष्यकाल III. वर्तमान काल IV. इनमें से कोई नहीं
(5) वर्तमान क्षण को क्या कहा गया है?
I. वह दिमाग़ की रफ़्तार धीमी कर देता है। III. वह मिथ्या होता है।
II. वह अनंतकाल जितना सीमित होता है। IV. वह अनंतकाल के समान विस्तृत होता है।

## पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक

**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *दो* के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए:-**

(i) कबीर ने अपने दोहे में 'हिरण' का उदाहरण किस संदर्भ में दिया है? क्या आप उनसे सहमत हैं?

(ii) 'पर्वत प्रदेश में पावस'-कविता में इंद्र द्वारा खेले जानेवाले इंद्रजाल का वर्णन कीजिए ।

(iii) मीराबाई अपने हृदय की अधीरता को कैसे दूर करना चाहती है?

**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *दो* के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए:-**

(i)सवार के जाने के बाद कर्नल हक्का-बक्का क्यों रह गया?

(ii) 'कर चले हम फ़िदा'- की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि क्या है?

(iii) तताँरा कौन था? वह समुद्र-तट पर किसलिए आया था?

(iv)लेखक के मित्र ने मानसिक रोग के क्या-क्या कारण बताए? आप इन कारणों से कहाँ तक सहमत हैं?

**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *दो* के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए:-**

(i) हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी के क्यों लगने लगे?

(ii) 'कोई भी भाषा आपसी व्यवहार में बाधा नहीं बनती' - 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए -

(iii) घर वालों के मना करने पर भी टोपी का लगाव इफ़्फ़न और उसकी दादी से क्यों था?